## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक का आयोजन आज

**कटनी।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में शनिवार 20 सितंबर को दोपहर 12 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, गुरूनानक जयंती एवं क्रिसमस जैसे पर्व और त्योहारों के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु चर्चा की जाएगी। बैठक में शांति समिति के सदस्यों सहित संबंधित अधिकारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### पकड़ा गया सटोरिया

**कटनी।** सट्टा पर्ची काट रहे सटोरियों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार चौकी बिलहरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर रमेश पटेल 52 वर्ष निवासी पौड़ी थाना रीठी को पकड़ा। आरोपित के पास से 2 सट्टा पट्टी, 1 पेन व 275 नगद बरामद किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी सुयश पाण्डेय व टीम की भूमिका रही।

### दो लोगों के पास से जब्त की गई अवैध शराब

**कटनी।** बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार ग्राम सिमरापटी में बब्जी उर्फ प्रकाश यादव 45 के कब्जे से 90 पाव देशी लाल मसाला शराब (कीमत लगभग 9 हजार रुपये) तथा ग्राम पथराड़ी पिपरिया से कमलेश चौधरी 25 वर्ष के पास से 14 पाव देशी प्लेन शराब कीमती लगभग 1400 रुपये जब्त की गई।

### हादसे में किशोर की मौत

**कटनी।** रेल हादसे में एक किशोर की मौत होने की घटना हो गई। यह घटना आयुध निर्माणी स्थित गुरुद्वारे के सामने बीती शाम करीब 7:30 के आसपास की बताई जा रही है। हादसे में करीब 16 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से साइकिल और स्कूल बैग बरामद हुआ है। बैग में मिले आईडी कार्ड से मृतक की पहचान जयंत वर्मा के रूप में हुई है जो हाउसिंग बोर्ड निवासी बताया जा रहा है। निर्माणी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने परिजनों को सूचना पहुंचा दी। खबर मिलते ही बालक के पिता घटनास्थल पर पहुँच गए। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### जिले में अब तक 1059.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 19 सितम्बर तक कुल 1059.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1421.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1062.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 0.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

## स्लीमनाबाद क्षेत्र में रक्षा विभाग की 6 एकड़ से अधिक भूमि पर किया गया है कब्जा

# अतिक्रमण हटाने अधूरी तैयारियों के साथ पहुंचा अमला जीपीएस मशीन से सीमांकन कराने टरकाया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद स्थित पीएम हॉउस कक्ष के बाजू से भेड़ा रोड से लगी 6 एकड़ से अधिक भूमि जो सैनिक छावनी की थी उसमें मुस्लिम समुदाय के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया। कब्जा को हटाने शिकायत के बाद स्लीमनाबाद तहसीलदार ने सीमांकन कराने पांच पटवारियों का दल गठित किया ओर शुक्रवार 19 अगस्त को सीमांकन अवधि नियत की।

शुक्रवार को हिन्दू -मुस्लिम समुदाय से बड़ी संख्या मे लोग मौका स्थल पहुंचें। किसी भी प्रकार की वाद -विवाद की स्थिति न बने इसके लिए स्लीमनाबाद थाना के अलावा जिले से भी पुलिस बल बुलवाया गया। सीमांकन कार्य को लेकर तहसीलदार सारिका रावत, हर्षवर्धन रोमटेक पटवारियों के दल के साथ मौके पर पहुंचें लेकिन सीमांकन कार्य न करने को लेकर तहसीलदार दोनों पक्षो के सामने अपनी बात रखी।

तहसीलदार ने कहा कि रकबा ज्यादा है जरीब से नपाई नहीं हो पायेगी, इसलिए जीपीएस मशीन से सीमांकन कार्य कराना ठीक रहेगा जिस पर हिन्दू समुदाय के लोगों ने आक्रोश दिखाया कि जब शुक्रवार का दिन सीमांकन के लिए रखा गया था ओर ज़ीपीएस मशीन से सीमांकन कराना था पूरी व्यवस्था पहले से ही राजस्व विभाग को कर लेनी थी। यह टालमटोल किया जा रहा है जिससे सीमांकन कार्य प्रभावित हो जिस पर तहसीलदार ने आश्वासन दिलाया कि आगामी तीन से चार दिनों मे जिले से जीपीएस मशीन मंगवाकर विवादित भूमि का सीमांकन कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा तब जाकर हिन्दू समुदाय के लोगो ने अपनी सहमति जताई।

### बजरंग दल करेगा विरोध प्रदर्शन

सीमांकन कार्य को बढ़ाने को लेकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने विरोध जताया। कहा कि यदि आगामी तीन से चार दिनों मे सीमांकन नहीं होता ओर मुस्लिम समुदाय का कब्जा सैनिक छावनी भूमि से नहीं हटाया जाता तों विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा।

गौरतलब है कि स्लीमनाबाद हल्का के खसरा नंबर 53 जिसका रकबा 1 एकड़ है जो हरदुआ हार में आता है, इस पर आधा एकड़ भूमि मुक्तिधाम ओर आधा एकड़ भूमि कब्रिस्तान दर्ज है जो पहले से प्रस्तावित है लेकिन खसरा नंबर 54 जिसका रकबा 2.72 हैक्टेयर है जो कि लगभग 6 एकड़ से अधिक भूमि है। उक्त भूमि पूर्व पर रक्षा विभाग की छावनी थी यहाँ ही आर्मी का कैंम्प लगता था जहाँ पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा अवैध रूप से तार फेसिंग कर कब्जा कर लिया गया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि स्लीमनाबाद उक्त भूमि पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा किये गये अवैध कब्जा को लेकर मामला संज्ञान में है। स्लीमनाबाद तहसीलदार को उक्त भूमि की विस्तृत जाँच कर प्रमुखता के साथ अवैध कब्जा को हटाया जाये इसके लिए निर्देशित किया गया है जल्द ही सीमांकन कार्य करा मामले का निराकरण किया जायेगा।



# सीएससी सेंटरों का राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कॉमन सर्विस सेंटरो का शुक्रवार को राज्य स्तरीय टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे मैनेजर संकल्प सोनी एवं जिला प्रबंधक सुनील सिंह उपस्थित रहे है। दोनों ही अधिकारियो के द्वारा सीएससी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया एवं सीएससी वीएलई को सीएससी के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही सर्विस के बारे में विस्तार से ट्रेनिंग भी दी गई। उपरोक्त निरीक्षण में मैनेजर संकल्प सोनी के द्वारा सीएससी संचालकों के सेंटर की व्यवस्थाएं, संचालन एवं समस्याएं देखी गई।

गौरतलब है कि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ग्राम एवं शहरी स्तर पर केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा जनहितैषी सेवाएं, आधार सेवाएं, बैंकिंग सेवाएं, टेली लॉ, एजुकेशन सर्विस, फसल बीमा जैसी सेवाएं आमजनों को प्रदान की जाती है। सीएससी केंद्रों के माध्यम से आज ग्रामीणजनों को घर बैठे या उनके ही क्षेत्रों में उपलब्ध करवाई जा रही है।

राज्य स्तरीय टीम ने सीएससी केंद्रों के संचालको को आवश्यक दिशा निर्देश दिये कि योजनाओं के संबंध मे जो निर्धारित शुल्क वहीं उपभोक्ताओं से लेवे, अतिरिक्त राशि न वसूले। साथ ही समय पर आमजनों को सरकारी योजनाओं के संबंध जरूरी जानकारियां प्रदान करें। स्लीमनाबाद स्थित सीएससी केंद्र विजय कम्युनिकेशन का कार्य शानदार देख संचालक विजय हल्दकार को बधाई दी।

## ढीमरखेड़ा पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों में की गई कार्यवाही

# मोटर साइकिल से शराब की तस्करी, दो व्यक्तियों से 191 पाव देशी शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



मोटरसाइकिल से शराब का अवैध परिवहन करते दो बदमाशों को ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. श्री संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई। अलग-अलग स्थान पर कार्रवाई करते हुए 141 पाव देसी प्लेन शराब एवं एवं 50 पाव देसी मसाला शराब जप्त की गई।

पुलिस के अनुसार प्रथम प्रकरण में मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों के द्वारा अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था जिन्हें पुलिस के द्वारा घेराबंदी करके पकड़ा गया जिनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम राहुल यादव निवासी सरस्वाही थाना एनकेजे एवं राजासाब परमार निवासी रामपुर ढीमरखेड़ा का होना बताया जिनके कब्जे से मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एवं 150 पाव देसी शराब के जप्त हुए जिन्हें विधिवत जप्त किया गया वहीं दूसरी ओर एक दूसरे प्रकरण में आरोपिया ज्ञानवती पति राजभान यादव निवासी महगवां थाना ढीमरखेड़ा के कब्जे से 41 पाव देसी शराब के जप्त किए गए।

कार्यवाही मे थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, सउनि जयपाल सिंह, प्रधान आरक्षक दीपकश्रीवास, आरक्षक अमित शुक्ला, कमोद कोल की विशेष भूमिका रही है।

### बका लेकर घूम रहे बदमाश को भेजा जेल

थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ के द्वारा शुक्रवार को ग्राम सनकुई में एक व्यक्ति को धारदार बका के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सनकुई में एक व्यक्ति अवैध रूप से लोहे का धारदार बका लिए हुए हैं। सूचना पर आरोपी शंभू प्रसाद कुम्हार को धारदार बका के साथ पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से बका बरामद होने के चलते आरोपी को विधिवत्त गिरफ्तार किया गया और न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसे न्यायालय के द्वारा आदेशित करने पर जेल दाखिल किया गया है।

कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, उनि एस के चौधरी, प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास, आरक्षक अमित शुक्ला, आरक्षक कमोद कोल की विशेष भूमिका रही।

## पोषण आहार से संबंधित सामग्रियों की लगाई प्रदर्शनी




महिलाओं में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसी पोषण माह के अंतर्गत उमरियापान, धरवारा और सरसवाही में पोषण माह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पोषण प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें विभिन्न प्रकार के खाद्यान्न, फल, सब्जियाँ एवं पौष्टिक आहार से संबंधित सामग्री प्रदर्शित की गई। प्रदर्शनी स्थल को रंग-बिरंगी रंगोलियों से आकर्षक रूप से सजाया गय। देवरी मंगेला और इमलिया में आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर मंजू मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को संतुलित आहार, पोषण के महत्व तथा कुपोषण से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि घर पर उपलब्ध स्थानीय खाद्य सामग्री से भी पौष्टिक आहार तैयार किया जा सकता है। इस मौके पर आगनवाड़ी कार्यकर्ता संजू पटेल, रानी मिश्रा, सहायिका गोमती, रानू नामदेव व महिलाओं और बालिकाओं की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर के नाम की फर्जी फेसबुक अकाउंट से रहें सतर्क, कार्यवाही करने पुलिस को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर डीसी कटनी (कलेक्टर ऑफिस कटनी) के नाम से एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल सक्रिय है। कटनी कलेक्टर के फर्जी अकाउंट के माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में जिला जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने माधवनगर पुलिस थाना प्रभारी को अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करने पत्र लिखा है। साथ ही जिला जनसंपर्क अधिकारी ने साइबर टीआई से भी साइबर सेल के माध्यम से नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने को कहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने फर्जी फेसबुक अकाउंट से जनता को सतर्क और सावधान रहने की अपील की है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि मेरे फोटो का दुरुपयोग करते हुए किसी ने यह फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है। फर्जी फेसबुक आईडी का यूआरएल https:// www.facebook.com/profile.php?id=100050699235911 है। यह आईडी पूरी तरह से फर्जी है और इसके माध्यम से ठगी की भी कोशिश की जा सकती है। कटनी कलेक्टर के आधिकारिक फेसबुक पेज का यूआरएल https://www.facebook.com/share/1BdAuKoYHe/ है। आम जनता को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कलेक्टर श्री तिवारी ने लोगों से अपील की है कि इस फर्जी अकाउंट से भेजी गई फ्रेंड रिक्वेस्ट को कदापि स्वीकार न करें और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में शामिल न हों।

पुलिस विभाग के साइबर सेल ने डीसी कटनी (कलेक्टर ऑफिस कटनी) के नाम से बनीं फ़र्जी फेसबुक अकाउंट को हटाने के लिए फेसबुक के कैलीफोर्निया यूएसए स्थित कार्यालय से पत्राचार किया है।

### फर्जी आईडी बनाना अपराध, हो सकती है जेल

फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाना एक गंभीर अपराध है और इसका दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान है। आईटी एक्ट 2000 की धारा 66(C) के तहत इस अपराध में दोषी पाए जाने पर आरोपी को जेल की सजा हो सकती है।

## समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

# मृदा परीक्षण एवं केंचुआ खाद निर्माण का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत अमंगवा की स्व-सहायता समूह की 33 महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहा प्रशिक्षण संस्था के संचालक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

इसी क्रम में महिलाओं को मृदा परीक्षण, केंचुआ खाद निर्माण एवं जैविक कीटनाशक निर्माण की जानकारी दी गई। मिट्टी परीक्षण के लिए गर्मी में गेहूं की कटाई के बाद खेत से प्रति हेक्टर 15 से 20 स्थान से मिट्टी नमूना लेकर बताई गई विधि से 500 ग्राम मिट्टी को नमूना पत्रक के साथ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भेजने तथा परिणामपत्रक में दी गई सिफारिश के अनुसार फसलों में खाद देने की तकनीकी जानकारी दी गई। मिट्टी परीक्षण से पीएच मान, अम्लीयता, क्षारीयता, विद्युत चालकता, नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की भूमि में उपलब्धता की जानकारी प्राप्त होती है। केंचुआ खाद बनाने के लिए आईसीनिया फोटीडॉ केंचुआ कचरा एवं गोबर को 30 से 45 दिन में खाद बना देता है प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल केंचुआ खाद का उपयोग फसलों के लिए होता है। जिसमें सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। केंचुआ खाद के उपयोग से भूमि की गुणवत्ता में सुधार, जलधारण क्षमता में वृद्धि तथा फसलों में कीट एवं रोग कम लगते हैं तथा फलों, सब्जियों एवं अनाजों का उत्पादन बढ़ जाता है। साथ ही पौष्टिक स्वाद, रंग एवं आकार अच्छा हो जाता है। प्रशिक्षण के दौरान केंचुआ एवं केंचुआ खाद से वार्षिक आय की जानकारी दी गई जिससे खेती लाभ का धंधा बन सके एवं खेती की लागत कम हो तथा बाजार पर निर्भरता कम हो। इसके अतिरिक्त ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से जैविक कीटनाशक बनाने के लिए गोमूत्र नीम की पत्ती एवं अन्य पत्तियों का उपयोग कर पांच पत्ती काढ़ानिमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं आग्नेयास्त्र आदि को बनाने तथा फसलों में उपयोग करने का तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया।

## महिलाओं से पोषण आहार पर की चर्चा, व्यंजनों की प्रदर्शनी का अवलोकन

# डिप्टी डायरेक्टर ने आँगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर देखी जमीनी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सेवा पखवाडा अभियान के तहत आठवां राष्ट्रीय पोषण अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद मे चल रहा हैं जिसके तहत पोषण संबंधी जागरूकता के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। राष्ट्रीय पोषण अभियान की जमीनी हकीकत देखने महिला एवं बाल विकास विभाग जबलपुर संभाग डिप्टी डायरेक्टर मनीषा लुंबा ने बहोरीबंद परियोजना के आँगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के तहत डिप्टी डायरेक्टर कौड़यिा व स्लीमनाबाद आँगनबाड़ी केंद्र पहुंची ओर पोषण अभियान गतिविधियों मे शामिल हुई।

कौड़िया आँगनबाड़ी केंद्र मे डिप्टी डायरेक्टर ने किशोरी बालिका का बीएमआई टेस्ट के दौरान पोषण चर्चा की ओर कैरियर के संबंध मे प्रश्नोत्तर किये साथ ही स्वच्छता, स्वास्थ्य के फायदे एवं के प्रति जागरूक किया। इसके बाद डिप्टी डायरेक्टर स्लीमनाबाद पहुंची जहाँ स्वास्थ्य शिविर मे उपस्थित महिलाओं से पोषण चर्चा, आयरन का महत्व व धात्री महिलाओ से बच्चें के स्तनपान पर चर्चा की। साथ ही आँगनबाड़ी केंद्र मे पोषण व्यंजन प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

डिप्टी डायरेक्टर मनीषा लुंबा ने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित पोषक तत्व खाने चाहिए। इससे बच्चा स्वस्थ और रोगों से दूर रहेगा। इसलिए खाने में प्रतिदिन पोषक तत्व घर में जरूर खिलाएं। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।महिलाओं को उनके बच्चों की वृद्धि ,निगरानी और विकास के बारे में समझाया गया। महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य देखभाल को लेकर उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी। आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने डिप्टी डायरेक्टर को बताया कि केंद्र में बच्चों का वजन लेकर जांच की जाती है। बच्चों की स्थिति कमजोर और कुपोषित होने पर बच्चों को एनआरसी में भर्ती करने की समझाइश दी जाती है। स्थानीय कार्यकर्ताओं की मदद में अस्पताल में भर्ती कराया जाताहै। स्वास्थ्य देखभाल को लेकर महिलाओं को जागरूक किया जाता है।

डिप्टी डायरेक्टर मनीषा लुंबा ने कहा कि खून की कमी से एनीमिया की बीमारी होती है। एनीमिया की रोकथाम के लिए बच्चों को आयरन सीरप व गोली का दवा सेवन दिया जाए।एनीमिया से बचाव के लिए नियमित तौर पर हीमोग्लोबिन जांच और उचित खान-पान का ख्याल रखना बेहद जरूरी है।महिलाओं को नियमित तौर पर जांच करानी चाहिए साथ ही पोषण युक्त आहार का सेवन करना चाहिए।इसलिए इससे बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं को 180 दिनों तक आयरन की एक लाल गोली जरूरी खानी चाहिए ।10 से 19 वर्ष के किशोर -किशोरियों को प्रति सप्ताह आयरन की एक गोली व 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह मैं 2 बार एक मिलीलीटर आयरन सीरप देना चाहिए।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल, जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,सरपंच संगीता महोबिया,परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, पर्यवेक्षक पुष्पा आरख आदि उपस्थित रहे।

# विश्व विजय दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन, स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व विजय दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रांत सह प्रचारक श्रवण सैनी और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने अपने विचार रखे।

महाकौशल सह प्रांत प्रचारक श्री सैनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द का शिकागो में दिया गया भाषण भारत की संस्कृति, अध्यात्म और सार्वभौमिक भाईचारे का अद्भुत परिचय था। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे विवेकानन्द जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। वहीं प्राचार्य डॉ. वाजपेई ने कहा कि विवेकानन्द जी ने भारत की सहिष्णुता और "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनका संदेश केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए पथप्रदर्शक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कठिनाइयों से विचलित न होकर निरंतर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें। संगोष्ठी में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि विश्व विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक स्मरण नहीं है, बल्कि यह दिन हमें आत्मगौरव, आत्मविश्वास और आत्मबल से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम में उमेश, अमित कनकने, संजय त्रिपाठी, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व और चरित्र को सुदृढ़ करेंगे। संचालन डॉ. माधुरी गर्ग विभागाध्यक्ष हिंदी ने किया।

## खबर संक्षेप



### किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** भारतीय किसान संघ विजयराघवगढ़ ने तहसील में किसानों की समस्याओं को लेकर संभाग मंत्री बिहारी लाल निगम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम विजयराघवगढ़ में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजिका मनोरमा सिंह ने कहा कि किसान आज धान उपार्जन, खाद्य वितरण, बीमा, सिंचाई और बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर गहरी कठिनाईयों से जूझ रहा है। वही तहसील अध्यक्ष अंजनी कुमार निगम ने धान उपार्जन की समस्याओं को उठाया और मांग की कि सभी सहकारी समितियों के पंजीयन एवं उपार्जन केन्द्र बनाया जाये जिससे उन्हें अतिरिक्त परिवहन व्यय और लंबी कतारों से राहत मिलेगी। वहीं कोहारी सलैया के किसानों की कृषि जमीन ए.सी.सी. कैमोर द्वारा हर बीस वर्ष में लीज के लिए नवीनीकरण करा ली जाती है। यह किस अधिकार या कानून के तहत होती है इसे किसानों को के.सी.सी. तक का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### वैष्णो देवी तीर्थयात्रा के लिए 23 तक मौका

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत इच्छुक वृद्ध नागरिकों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट www.dharmasva.mp.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नगर निगम श्री जागेश्वर पाठक नें बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत नगर पालिका निगम कटनी के वृद्ध नागरिकों को जो कि 60 से 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं को 02 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता न हो व जो प्रथम बार यात्रा कर रहा हो, को वैष्णो देवी तीर्थ दर्शन की सुलभ यात्रा हेतु जमा कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति वैष्णो देवी यात्रा हेतु पति-पत्नी, आवेदक सहायक एवं स्वयं का आवेदक फार्म में संलग्न चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड, समग्र आई.डी., मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति (फोटो कॉपी) संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उक्त आवेदन पत्र को नगर निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक-66 निर्वाचन जनगणना शाखा में 23 सितंबर 2025 तक जमा कर सकते है।

### बीमारियों की रोकथाम हेतु दवा का छिड़काव



**कटनी।** मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान स्वरूप नगर के विभिन्न वार्डों की नालियों, जलभराव वाले क्षेत्रों, बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव निरंतर किया जा रहा है। साथ ही फॉगिंग मशीन के माध्यम से भी धुएँ का छिड़काव कर मच्छरों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शहर के उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाकर दवा छिड़काव किया जा रहा है जहां पूर्व में मच्छर जनित बीमारियों का अत्यधिक फैलाव था। इसी क्रम में क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों की निगरानी में शुक्रवार को जगमोहन दास वार्ड एवं वंशस्वरूप वार्ड की विभिन्न गलियों में दवा का छिड़काव कराया गया है,तथा बीमारियों की रोकथाम हेतु आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। निगम प्रशासन द्वारा मच्छर जनित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु नागरिकों से अपील भी की जा रही है कि वे अपने आसपास पानी एकत्र न होने दें, कूलर, टंकियों की समय-समय पर सफाई करें तथा सफाई कर्मचारियों को सहयोग दें।

## सड़क दुर्घटनाओं को कम करने वाहन चालकों को दी जा रही समझाइश

# ट्रैफिक रूल्स का पालन नहीं करने एवं नशे में वाहन चलाने वालों पर की जा रही कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात नियमों का पालन नहीं करने एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। वाहन चालकों को समझाइश भी दी जा रही है। यातायात नियमों की जानकारी के अभाव के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर 8 से 22 सितंबर तक यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के विरूद्ध 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के पालन कटनी पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता वाहन चलाकों के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत हेडवार कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के क्रम में मुख्य रूप से तेज गति से वाहन चलाने वाले दो वाहन चालकों, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 282 वाहन चालकों, बिना सीटबेल्ट के वाहन चलाने वाले 222 वाहन चालकों, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग करने वाले 9 एवं शराब पीकर वाहन चलाने पर 73 वाहन चालकों सहित रॉग साइड वाहन चलाने पर 29 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जा चुकी है। जुर्माना कार्यवाही के साथ ही बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट एवं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें।





कटनी पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जा रही है कि यातायात नियमों का पालन करें। सुरक्षित वाहन चलाएं एवं सुरक्षित रहें।

### एसपी ने निवार चौकी का किया औचक निरीक्षण, कोताही नहीं बरतने दी हिदायत

पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा ने शुक्रवार को थाना माधव नगर अंतर्गत चौकी निवार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों की स्थिति, केस डायरी तथा लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि कर्तव्यों में लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी विश्वकर्मा ने विशेष रूप से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, स्थायी वारंटियों की तामिली और गुंडा-बदमाशों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अवैध शराब, जुआ-सट्टा और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी। आमजन में सुरक्षा की भावना स्थापित करना ही पुलिस की प्राथमिकता है। निरीक्षण के बाद यह साफ हो गया कि पुलिस प्रशासन अपराध और असामाजिक तत्वों के खिलाफ और अधिक सख्ती बरतने के मूड में है। इससे न केवल पुलिस कर्मियों में चौकसी बढ़ेगी, बल्कि अपराधियों के बीच भी खौफ का संदेश जाएगा।




## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत बम्होरी में राहत समर्पण सेवा समिति के नेतृत्व में "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के अंतर्गत भव्य शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल हुए और सबने मिलकर स्वच्छ एवं स्वस्थ गाँव बनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम के दौरान समिति पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को शपथ दिलाई कि वे अपने घर और गाँव की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करेंगे। ग्रामीणों ने यह भी संकल्प लिया कि बाजार, हाट-बाजार और सामाजिक कार्यक्रमों में पॉलिथीन बैग, प्लास्टिक कप, प्लेट, बोतल, स्ट्रॉ जैसी चीजों का प्रयोग नहीं करेंगे सचिव और सरपंच ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है बल्कि यह संस्कार और जिम्मेदारी से भी जुड़ा है। अगर हर परिवार जागरूक होकर प्लास्टिक का त्याग और स्वच्छता को अपनाएगा तो गाँव न केवल सुंदर बनेगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण भी मिलेगा पटवारी, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं ने भी ग्रामवासियों को जागरूक किया और कहा कि सभी मिलकर यदि प्लास्टिक मुक्त गाँव का मॉडल बनाएँगे तो यह अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। समिति अध्यक्ष ने बताया कि समिति लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला रही है।

*खितौली चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन*

## नागरिकों ने कहा शराब की पैकारियों पर हो कार्यवाही, पुलिस ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

खितौली पुलिस चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल द्वारा नवरात्रि दशहरे त्योहार को मद्देनजर रखते हुए शांति समिति की बैठक चौकी प्रांगण में आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ बीरेंद्र धार्वे के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में आगामी त्योहारों के संबंध में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों के साथ शांति समिति के बैठक के उपरांत चौकी प्रभारी ने सभी से आग्रह किया की अपने अपने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें। विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने दें। शांति सौहार्द का माहौल बनाएं रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन की ओर से हर सम्भव कदम उठाए जाएंगे ताकि त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाया जायें।



बैठक में गणमान्य नागरिकों व सरपंचों ने अपना सुझाव दिया की शराब की अवैध पैकारिया बंद कराई जावे। चौकी प्रभारी ने समझाइश देकर ग्रामीणों से अपील की अगर शराब पीकर कोई शराबी विवाद की स्थिति उत्पन्न करता है उसको बक्सा नहीं जायेगा उस पर कार्यवाही की जायेगी और अवैध शराब बेचने वाले के खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी। अगर कहीं भी विवाद की स्थिति हो तत्काल पुलिस को सूचना दें, पुलिस हर समय आपके साथ हैं। त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनायें।

बैठक में राजस्व निरीक्षक गौरव विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि काशी प्रसाद गुप्ता, खितौली सरपंच सुखसेन सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, उपसरपंच मिथलेश त्रिपाठी, रामलाल गुप्ता, डॉ प्रदीप तिवारी , सरपंच पति बरनमोहगवां रामजी गोस्वामी, संतोष सिंह, जगुआ सरपंच गोविंद प्रसाद चक्रवर्ती, ओमकार पुरी बम्हौरी उपसरपंच श्रीमती सरोज विश्वकर्मा, करेला सरपंच अमर सिंह, उपसरपंच अजय सिंह, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी, कुंआ सलैया सिहोरा उपसरपंच महेंद्र सिंह हल्का पटवारी खितौली आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं ने किया थाना का भ्रमण, दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां



सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बाल मित्र योजना अंतर्गत शुक्रवार को विजयराघवगढ़ थाना परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की 50 से अधिक छात्राओं ने थाना भ्रमण किया और पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से जाना। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया तथा एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धारवे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने स्वयं छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया। इस दौरान उन्होंने दैनिक कार्यों में उपयोग होने वाले उपकरणों, पुलिस रजिस्टर, कंट्रोल रूम व्यवस्था और एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में अपराध जागरूकता पर विशेष सत्र भी रखा गया। छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराध, गुड टच-बैड टच की पहचान, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 181 सहित अनेक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पोक्सो एक्ट, बाल विवाह उन्मूलन कानून और अन्य आपराधिक प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया गया।

## दिव्यांग छात्रावास में बच्चों को कपड़े व मिठाई बांटी, सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

दिव्यांग छात्रावास प्रेमनगर में हेल्थ एंड न्यूट्रिशन सपोर्ट प्रोग्राम आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान बच्चों को टी-शर्ट, लोवर, मिठाई और पौष्टिक आहार वितरित किए गए। टी-शर्ट और वस्त्र वितरण से बच्चों में समानता और अपनापन की भावना देखने को मिली। स्वच्छ और एकरूप वस्त्र पहनने से बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास झलक उठा तथा उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व का संदेश भी मिला। यह पहल बच्चों को अच्छे संस्कार और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करती है।



कार्यक्रम में बच्चों ने संगीत आरती और ढोल मांझिरे की थाप पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने यह साबित किया कि दिव्यांगता प्रतिभा की कमी नहीं बल्कि अलग पहचान है। सांस्कृतिक गतिविधियों ने बच्चों में आत्मविश्वास जगाया और उन्हें भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़े रखा शारदा प्रसाद साहू का मानना है कि ऐसे आयोजन बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त करते हैं, साथ ही उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हैं। सहयोग और समानता की भावना मजबूत होती है तथा बच्चों में यह विश्वास जागता है कि समाज उनके साथ खड़ा है। यही भारतीय संस्कृति की आत्मा है एक दूसरे के सुख दुःख में सहभागी बनकर संवेदनशील समाज का निर्माण करना है।

*स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियां*

## बेहतर पर्यावरण एवं स्वच्छता के लिए सभी को मिलकर करना चाहिए प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन निर्देशानुसार 2 अक्टूबर तक आयोजित होनें वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नगर निगम कटनी द्वारा रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव उत्पन्न करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास की भावना को सशक्त करने का प्रयास किये जा रहे है।

नगर पालिक निगम द्वारा पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित गतिविधियों के तहत नगर के एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई कराई जाकर शौचालयों की दीवारों, फर्श, नल, और अन्य उपकरणों की विशेष साफ-सफाई की गई। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय खिरहनी कटनी में भी स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर छात्रों द्वारा श्रमदान किया जाकर शाला परिसर की सफाई की गई तथा शवच्छता की शपथ ली।



सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित इस सफाई अभियान में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय स्वयंसेवी समूहों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस सामूहिक प्रयास से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल सरकारी संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का साझा कर्तव्य है।

नगर निगम की नियुक्त एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत वार्डों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छ सार्वजनिक स्थलों के अंतर्गत वार्ड 01 बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित इंदिरा नगर, वार्ड क्र.02, बिरसा मुंडा वार्ड स्थित बंगला टोला, वार्ड क्र. 3 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पहरुआ बस्ती एवं नगर के समस्त सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई और रखरखाव का जायजा लिया गया।

### राष्ट्र एवं समाज के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना ही सच्ची देशभक्ति

## ढीमरखेड़ा में राजा शंकर शाह और कुँवर रघुनाथ शाह की याद में मनाया शौर्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

1857 की क्रांति के प्रणेता अमर शहीद राजा शंकर शाह और कुँवर रघुनाथ शाह की शहादत को नमन करते हुए ढीमरखेड़ा के मंगल भवन में शौर्य दिवस समारोह एवं सामाजिक समानता व भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल तथा प्रमुख वक्ताओं में इंजी. सत्यप्रकाश कुरील राष्ट्रीय अध्यक्ष (एस.सी.एस.टी मंच) अपना दल (एस) एवं अशोक विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, कटनी) उपस्थित रहे। आयोजक डॉ. बी.के. पटेल, सुभाष पटेल, ऋषिराम पटेल, संतराम पटेल, विजय चौधरी, सुरेश कोल, अतुल चौधरी, ओमकार चौधरी, इन्द्रजीत लोधी व अन्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ हुआ।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरबी सिंह पटेल ने कहा कि ₹राजा शंकर शाह और कुँवर रघुनाथ शाह की शहादत हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। आज हमें उनके बलिदान से यह संदेश मिलता है कि राष्ट्र और समाज के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना ही सच्ची देशभक्ति है।आदिवासी समाज के बहुत से महापुरुष हुए जिन्होंने देश के मान सम्मान, स्वाभिमान के लिए मुगलों, अंग्रेजों से युद्ध लड़ा और शहीद हुए। जिसमें एक मुख्य नाम भगवान बिरसा मुंडा का भी है। लेकिन आज की परिस्थियों में आदिवासी, वनवासी, घुमंतू समाज बहुत ही दीन हीन स्थिति में हैं। सरकारों ने इनसे वोट लेने का काम किया लेकिन अपना पेट पालने के लिए यह आज भी जल, जंगल और जमीन पर निर्भर हैं। लकड़ी काटकर अपना पेट भरते हैं और शिक्षा शून्य है।



उन्होंने आगे कहा, हमारी नेता दीदी अनुप्रिया पटेल ने सांसद भवन में जातीय जनगणना की बात उठाई। यह भी कहा कि आबादी के अनुपात में हर समाज को सरकार से लाभ मिलना चाहिए, यही सामाजिक न्याय का सिद्धान्त है। पार्टी की मांग रही है कि मध्य प्रदेश में भी ओबीसी को 27% आरक्षण मिलना चाहिए। संख्यानुपात में आरक्षण की व्यवस्था हो और आरक्षित पदों पर एनपीएस को तत्काल खत्म किया जाए। एनएफएस किया जाए और रिक्त बैंक लॉक को भरा जाए। सफाई कर्मचारियों एवं अन्य विभागों में ठेकेदारी प्रथा को खत्म कर के, परमामेंट नियुक्ति की जाए। ओबीसी और एससी/एसटी के बैंक लाभ पदों को अविलंब भरा जाए।

मुख्य वक्ता इंजी. सत्यप्रकाश कुरील ने अपने संबोधन में कहा कि 1857 की क्रांति केवल स्वतंत्रता का आंदोलन नहीं था, बल्कि यह सामाजिक समानता और न्याय की लड़ाई भी थी। हमें आज भी उनके आदर्शों से सीख लेकर समाज में भाईचारा और समरसता कायम करनी चाहिए। सम्मेलन को अशोक विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया और कहा कि आज जरूरत है कि हम अपने इतिहास के वीरों को याद कर नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ें।

## रोजगार मेले में 318 युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शुक्रवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, झिंझरी में एक भव्य रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 558 आवेदकों ने अपना पंजीकरण कराया, जिनमें से 318 युवाओं का प्रारंभिक चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत 15 आवेदकों को कुल 2 करोड़ 15 लाख 77 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

जिला रोजगार अधिकारी, डी.के. पासी ने बताया कि मेले में चयनित उम्मीदवारों में राव्या वर्कफोर्स (लखनऊ) में 24, एलआईसी कटनी में 16, प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र में 22, ट्रेडिंग इंडिया लिमिटेड (बुदनी) में 24, अडानी ग्रुप (कैमोर) में 48, सिटी मॉल में 3, प्रीमियर रिफैक्ट्रीज में 2 और सुजुकी मोटर (गुजरात) में सर्वाधिक 179 युवाओं का चयन हुआ है।

रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार को भी बढ़ावा देने के लिए, मेले में उद्योग विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उद्यनिकी विभाग, एन.यू.एल.एम और आई.टी.आई. जैसे विभागों ने भी अपने स्टॉल लगाए और स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मेले में स्वास्थ्य विभाग की काउंसलर माधुरी शिवहरे ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र बरखेडकर ने युवाओं को स्किल से जुड़ी नौकरियों और अन्य अवसरों के बारे में बताया, जबकि आईटीआई के प्राचार्य शरद कुमार पांडे ने स्किल इंडिया प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए युवाओं को 30 सितंबर तक इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप

### बमनपुरा पँहुचे पंचायत मंत्री श्री पटेल

**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने दोपहर पटेरा ब्लॉक के बमनपुरा गांव पहुंचकर दिवंगत नेता बद्री प्रसाद पटेल की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मंत्री प्रहलाद पटेल ने श्री बद्री पटैल को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाये व्यक्त की और पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रैली निकाली गयी

**जबेरा।** महाविद्यालय जबेरा की प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया जी के नेतृत्व में महाविद्यालय के गोद ग्राम स्मार्ट गांव पड़रिया थोवन में सेवा पखवाडा अभियान एवं पर्यावरण जागरूकता, स्वच्छता एवं जैविक खेती अभियान के तहत इस गांव में जागरूकता रैली निकाली गई और ग्राम के किसानों को ग्राम वासियों को जागरूक किया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण की मौजूद रहे।

### आबकारी विभाग ने दो आरोपियों से 115 पाव अवैध शराब पकड़ी

**पन्ना।** पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना शहर में अवैध शराब के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी, कि पन्ना शहर के रानीगंज क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।

### एसडीएम के अंगरक्षक और छात्रों में धक्का-मुक्की

# हाईस्कूल में अव्यवस्थाओं को लेकर अभाविप ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में गौरीशंकर बड़ा हटा स्कूल परिसर में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई हटा द्वारा सड़क पर छात्र-छात्राओं के साथ धरना प्रदर्शन किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि शासकीय हाई स्कूल गौरीशंकर परिसर में जलभराव एवं स्कूल के पीछे काफी गहरा गड्ढा होने की वजह से छात्रों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर पूर्व में भी ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है हम छात्रों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दे सकते। धरना प्रदर्शन में जिला संयोजक नमन शांडिल्य, भाग संयोजक अजीत विश्वकर्मा, नगर मंत्री निखिल रजक एवं अन्य सभी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों स्कूली बच्चों ने सिविल अस्पताल के समीप सड़क पर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की जहां तहसीलदार एवं हटा एसडीएम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए कल से ही उक्त समस्याओं पर काम चालू करने का आश्वासन दिया।

**एसडीएम के अंगरक्षक और छात्रों में धक्का-मुक्की**

हटा में एबीवीपी के प्रदर्शन के दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम राकेश मरकाम के अंगरक्षक और प्रदर्शनकारी युवाओं के बीच धक्का-मुक्की हो गई,जिससे छात्र उग्र हो गए मौके पर मौजूद पुलिस और छात्रों की बीच झड़प हो गई। हालांकि बाद में अधिकारियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया। इसके उपरांत अधिकारियों ने तुरंत बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला और उस रास्ते का निरीक्षण किया, जहां बारिश के कारण कीचड़ भरा हुआ था और बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही थी।

## छात्र छात्राओं ने परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर राज्यमंत्री का काफिला रोका

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को जब में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी का काफिला जब नमो उपवन कार्यक्रम के बाद जब शासकीय कॉलेज मार्ग से गुजर रहा था, तब स्थानीय कॉलेज की छात्राओं ने उन्हें रोककर बीए प्रथम वर्ष परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी और अन्य शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।



छात्राओं ने मंत्री से शिकायत करते हुए बताया कि:“हमने नियमित रूप से कॉलेज जाकर पढ़ाई की, परीक्षा दी, लेकिन हमारी मार्कशीट में ‘फेल’ या ‘सप्लीमेंट्री’ दिखाया गया है, जबकि कुछ ऐसे छात्र जो कॉलेज नियमित नहीं आए, उन्हें पास घोषित कर दिया गया है।”छात्राओं ने यह भी बताया कि हाल ही में विश्वविद्यालय परिवर्तन के कारण ऐसा हुआ है उन्हें कई बार फॉर्म भरने और पुनः शुल्क जमा करने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की प्रतिक्रियाः मंत्री श्री लोधी ने छात्राओं की बात को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि:“आप चिंता न करें। सबसे पहले उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच (**Revaluation**) करवाई जाएगी। पेपर खुलवाकर पूरी जांच की जाएगी, और यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।”उन्होंने छात्र एवं छात्राओं से कहा कि वे पढ़ाई जारी रखें, सरकार और प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व में दिया गया ज्ञापनः छात्राओं ने बताया कि वे अपनी समस्या को लेकर पहले गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में भी ज्ञापन सौंप चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते उन्होंने मंत्री श्री लोधी से सीधे संवाद करने का निर्णय लिया। मांगें संक्षेप में: परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष पुनः जांच,अनावश्यक शुल्क वसूली पर रोक, विश्वविद्यालय परिवर्तन के कारण छात्रों को होने वाली परेशानियों का समाधान करवाने की बात कही मंत्री श्री लोधी ने छात्र एवं छात्राओं को आश्वस्त किया कि उनके भविष्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। पहले आप गड़बड़ी के लिए पेपर खुलवाएं।

# लघु उद्योग भारती के सहयोग से हुई इंडस्ट्री आईटीआई मीट 2025




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लघु उद्योग भारती दमोह इकाई के मुख्य सहयोग से सीमेंस–इग्नाइट परियोजना के अंतर्गत इंडस्ट्री–आईटीआई मीट 2025 का भव्य आयोजन गुरुकृपा होटल, दमोह में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य सागर–दमोह क्षेत्र की उद्योग इकाइयों को शासकीय आईटीआई विद्यार्थियों से जोड़ना और उन्हें उद्योग आधारित व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर मंच पर विशेष अतिथि के रूप में राहुल सिंह, सांसद, आर.के. जैन, सीसीएल वर्कर, नरेंद्र बजाज, अध्यक्ष, दाल मिल एसोसिएशन, सेवंती गुजराती, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती , श्रीमती अर्चना जॉन, सीनियर मैनेजर, इग्नाइट परियोजना, दिलीप मूली एवं दीपेश साहू, क्लस्टर परियोजना अधिकारी, रोहित मिश्रा, रीवा–सतना टीम, जागेश्वर रावत, जबलपुर टीम, वरुण शुक्ला, ग्वालियर टीम, साथ ही जिले के सभी आईटीआई प्राचार्य, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी तथा अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राहुल सिंह ने कहा – भगवान विश्वकर्मा को प्रथम इंजीनियर और शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। उनकी परंपरा और कौशल को आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। आज केंद्र सरकार की लघु उद्योग नीतियों और योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। छोटे और मध्यम उद्योगों को बिना गारंटी के लोन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उद्यमिता को नई गति मिली है। दमोह जैसे ज़िलों में लघु उद्योग भारती इस सेतु का कार्य कर रही है और युवाओं को उद्योगों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही है।”

कार्यक्रम में श्रीमती अर्चना जॉन एवं दिलीप मूली ने कहा कि इग्नाइट संस्था का लक्ष्य आईटीआई विद्यार्थियों को उद्योगों से जोड़कर उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभव देना है। उन्होंने 2022 से अब तक दमोह जिले में किए गए सतत प्रयासों की चर्चा की और लघु उद्योग भारती एवं स्थानीय उद्योगों के सहयोग की सराहना की।

मीट में दमोह के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों ने विद्यार्थियों को अपनी इकाइयों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान लघु उद्योग भारती दमोह इकाई, जिला उद्योग संघ, जिला उद्योग विभाग, इंडस्ट्रीज, आईटीआई दमोह एवं आईटीआई नोहटा को उनके निरंतर सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। नए उद्योगपतियों ने अपनी इकाइयों में अधिक से अधिक आईटीआई प्रशिक्षुओं को अवसर प्रदान करने की सहमति जताई और टीम इग्नाइट के साथ लेटर ऑफ इंटेंट (LoI) साइन किया। यह पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और दमोह क्षेत्र में रोजगार अवसर बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

विशेष सहयोग कार्यक्रम में शाखा के प्रमुख सदस्य सचिंद्र जैन, पंकज अरोरा, संदीप चौरसिया, पवन गुप्ता, न्याज कुरेशी, प्रिंस खरे, संदेश चौधरी, राम जैन, सुधीर सिंघई आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस सफल आयोजन में लघु उद्योग भारती दमोह इकाई की अग्रणी भूमिका एवं सक्रिय सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## मां की आराधना में जुटी महिलाएं



**दमोह।** देश और दुनिया में जहां सभी लोग मां की आराधना में जुटे हुए हैं। वहीं अग्रवाल महिला महासभा के द्वारा भी लगातार कई वर्षों से माँ की आराधना गरबा महोत्सव के रूप में की जाती है जिस क्रम में लगातार इस वर्ष भी अग्रवाल महिला महासभा व अग्रवाल समाज की महिलाओं युवतियों के साथ मिलकर विशाल गरबा महोत्सव का आयोजन नवरात्रि पर्व पर करने जा रही है जिसकी तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई है। इसके पूर्व गरवा महोत्सव का आयोजन अग्रसेन जयंती के दिन भी नवरात्रि के पहले दिन बैठकी मैं किया जावेगा। अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि इस बार गरबे में कुछ अलग देखने को मिलेगा। जिसमें एक प्रोग्राम बच्चों के द्वारा एक प्रोग्राम युवतियों के द्वारा और एक प्रोग्राम महिलाओं के द्वारा विशेष रूप से दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन गरबा महोत्सव के रूप में किया जाएगा। गरबा महोत्सव में विशेष रूप से सहयोगी युवा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल महिला महासभा संभागीय उपाध्यक्ष रितु अग्रवाल नगर अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल सहसचिव वंदना अग्रवाल सांस्कृतिक मंत्री अर्चना अग्रवाल सचिव मंजू अग्रवाल सदस्य नंदिनी रोशनी ज्योति गरिमा मोनिका मंजुला प्रीति रश्मि शैली सहित बड़ी संख्या में महिलाओं बच्चों की उपस्थिति रही।

# मडियादो में अधिकारियों ने ली बैठक



**मडियादो ।** मडियादो उपतहसील परिसर मडियादो में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी प्रशांत सिंह सुमन, प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढ़ार, थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग सहित नव दुर्गा समिति के सदस्य सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि , सरपंच प्रतिनिधि, सहायक सचिव उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कस्बे की बड़े बाजार वाली सड़क का सुधार कार्य ओर सीसी रोड निर्माण, चल समारोह दौरान देवी प्रतिमाओं के फसने वाले विवाद का समाधान करना था। कटरा मुहल्ले में नाली की सफाई , चंडी माता मंदिर सहित ग्राम के अन्य स्थलों पर सफाई की मांग की गई। एक माह पहले नल जल योजना पाइप लाइन बिछाने के चलते उक्त मार्ग खोद दिया गया था । जिसके बाद उक्त मार्ग से ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया था आए दिन वाहन फसने की समस्या सामने आई। ग्रामीणों द्वारा एक माह से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी लेकिन निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था। हाल में बैठक के बाद सरपंच प्रतिनिधि रामकरण अहिरवार ओर सहायक सचिव संतोष सिंह लोधी द्वारा सभी की उपस्थिति में बताया गया निर्णय हाल में सड़क में सुधार कार्य करते हुए सीमेंट गिट्टी से सभी गड्ढे भर दिए जाएंगे जिससे आवागमन बाधित न हो ओर चल समारोह निकलने में परेशानी न जाए।दशहरे बाद उक्त मार्ग का निर्माण सभी की सहमति से किया जाएगा। वहीं मूर्ति फसने के विवाद पर बहस हुई। कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली पर प्रतिमा की ऊंचाई अधिक न करने की बात रखी गई । वहीं एसडीएम हटा द्वारा बड़ी प्रतिमाओं की जानकारी ली गई। प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया गया कि जिस मार्ग से चल समारोह ओर मूर्ति निकलनी है वहां का अतिक्रमण हटा दिया ताकि कोई समस्या न आए। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को समझाया गया कि गांव का आपसी सामाजस्य ही हर समस्या का हल है इसलिए पहले आप सभी आपसी सौहार्द बनाए प्रशासन आपके साथ ,आपकी मदद करेगा। चल समारोह में अश्लील गाने बजाने पर रोक , आस्था को भंग करने वाले मादक पेय पदार्थ सेवन आदि विषय पर युवाओं द्वारा बात रखी गई।

## राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह को किया याद



**तेंदूखेड़ा।** सर्व आदिवासी समाज द्वारा गोंडवाना के शासक राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह की बलिदान दिवस का कार्यक्रम कृषि उपज मंडी जबेरा में आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया सर्वप्रथम राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल सिंह ने कहा कि हम सभी को राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह से प्रेरणा लेनी चाहिए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह ने कहा कि उनका बलिदान बुलाया नहीं जा सकता हरिराम ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी जय आदिवासी युवा शक्ति जायस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा उनका गौरवशाली इतिहास हम सभी को प्रेरणा देता है नौजवान युवाओं को राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह के संघर्षों से प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि गोंडवाना का इतिहास इतना बड़ा है कि शब्दों में बया नहीं किया जा सकता इसलिए आने वाली पीढ़ियों को उनके इतिहास को ज्यादा से ज्यादा पढ़ना चाहिए राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह का बलिदान देश हमेशा याद रखेगा इस अवसर पर डॉ, प्रताप तेकाम,वेनी प्रसाद, द्वारका पूर्व सरपंच, प्रकाश सरपंच,गिरधारी परस्ते, गोलू पोर्ते,वाली सिंह, लवकुश कडोपा, गोविंद सिंह, विशाल, वाली धुर्वे, महाराज सींग, मुकेश मरकाम,जय सींग, कैलाश तेकाम भारी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# आवारा कुत्तों का आतंक : स्कूल से निकली छात्रा पर कुत्तों ने किया हमला

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा नगर में बड़ी संख्या में कुत्ते है जो जगह जगह झुंड के रूप में घूमते रहते है। नगर में संचालित कन्या हाईसेकेंडरी स्कूल में भी परिषद के अंदर दर्जन भर कुत्ते बैठे रहते है और आए दिन लोगों को भौंकते और दौड़ते हैं लेकिन शुक्रवार को शाम चार बजे उस समय हड़कंप मच गया जब कुत्ते के झुंडों ने एक कक्षा छठवीं की छात्र पर हमला कर है जख्मी कर दिया छात्रा की आवाज सुनकर शिक्षक बाहर आये और कुत्तों को भगाया उसके बाद घायल अवस्था में छात्रा को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां छात्र का उपचार हुआ दरअसल कक्षा छठवीं में पढ़ने वाली छात्रा प्रीति पिता रवि केवट उम्र 13 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 9 है जो शाम चार बजे छुट्टी होते ही अपनी कक्षा से बारह निकली उसकी समय परिषद में बैठे कुत्तों ने छात्रा प्रीति केवट पर हमला कर दिया जिससे



छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। शिक्षकों ने बताया स्कूल परिषद में काफी कुत्ते बैठे रहते है इनमें कुछ तो पागल है और आए दिन स्कूल की छात्राओं पर काटने दौड़ते है परंतु हमेशा छात्राएं झुण्ड में रहती हैं किंतु आज प्रीति अकेली स्कूल से निकली और कुत्तों ने उसपर हमला कर दिया छात्रा को दोनों पैरों और हाथ में कई जगह काटने के निशान है जो काफी गहरे है जिसका इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। मामला वार्ड क्रमांक 1 का स्कूल के पीछे तरफ अधूरी मोड़ पर छात्रा पर कुत्तों ने हमला किया है जानकारी यह भी मिल रही है जिस मार्ग पर कन्या शाला स्कूल संचालित है उस वार्ड में ये कुत्ते आतंक मचाए है लोग अकेले निकले में भय खाते हैं कई बार साइकिल से स्कूल जा रही छात्राओं को भी कुत्ते तेज आवाज में भौंकना शुरू कर देते हैं जिससे छात्राओं में भय बनता जा रहा है और आज की घटना के बाद स्कूल की सभी छात्राओं में कुत्तों के प्रति भय बना गया है।

## सामाजिक संस्था लक्ष्य ने किया पौधों की निराई गुड़ाई का कार्य



**बटियागढ़।** लक्ष्य संस्था द्वारा लक्ष्य मुख्य राष्ट्रीय संरक्षक अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस जॉइंट कमिश्नर भारत सरकार के पूर्व के जन्मदिन पर लगाए गए। पौधों की निराई गुड़ाई का कार्य किया गया। लक्ष्य प्रांत प्रचारक मध्य प्रदेश रूपेंद्र सिंह ने बताया कि लक्ष्य एक सामाजिक संस्था है जो शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के लिए कार्य करती है बच्चों की हर संभव मदद का प्रयास लक्ष्य द्वारा किया जाता है। समय-समय पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है एवं प्रकृति संरक्षण के लिए समय-समय पर वृक्षारोपण किया जाता है और रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार समय-समय पर लक्ष्य टीम के स्वयंसेवकों द्वारा पौधों की निराई गुड़ाई खाद पानी एवं दवाई का प्रबंध किया जाता है जिससे पौधों का समुचित विकास होता है। वर्तमान में आयुष केंद्र फतेहपुर पुलिस चौकी फतेहपुर हायर सेकेंडरी स्कूल फतेहपुर पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल मगरोन नवीन माध्यमिक शाला कनोरा रामनगर प्राथमिक शाला सेमरा रामनगर बेलखेड़ी नीमन तिराहा बटियागढ़ आदि स्थानों पर रोपित किए गए पौधों के संरक्षण का कार्य किया गया और सभी से निवेदन भी किया की पौधों के रोपण उपरांत उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास प्रत्येक व्यक्ति करें ताकि आने वाले समय में पेड़ पौधों की संख्या कम ना हो और जीवन सुरक्षित रह सके।

# एलाईसी ने किया वृहद वृक्षारोपण




**दमोह।** भारतीय जीवन बीमा शाखा कार्यालय कटनी - 2 के द्वारा वृहद वृक्षारोपण का कार्य कटनी शहर के विभिन्न पार्क यथा जागृति पर्यावरण पार्क कटनी, शहर के समीप चाका ग्राम पंचायत स्थित विद्यालय शासकीय हाई स्कूल चाका कटनी में कुल एक हजार से अधिक वृक्षारोपण किया गया जिसमें आम,नीम,जामुन,अमरूद, चांदनी,पारिजात, आंवला,बेल, गुलमोहर,अर्जुन आदि पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कृष्णकांत दुबे , सहायक शाखा प्रबंधक प्रिंस प्रिंस कुमार मीणा, यशवंत सिंह ठाकुर, योगिता चौधरी, श्रीमती सरीना खेर प्रशासनिक अधिकारी, कृष्ण कुमार परौहा सहायक प्रशासनिक अधिकारी, सर्वश्री इरफान अंसारी,सुरेंद्र वैश्य,विपिन कुमार गुप्ता, संजय कुमार बागची,अशोक जैन उच्च श्रेणी सहायक, मुकेश उपाध्याय सहायक,पवन शर्मा, दीपक वर्मन, अभिकर्ता सुशील कुमार शर्मा, अनिल नेमा जी का विशेष सहयोग के साथ जागृति पर्यावरण पार्क में वृक्षारोपण किया गया। शासकीय हाई स्कूल चाका का समस्त स्टाफ प्रिंसिपल श्रीमती हर्ष लता सिंह, वरिष्ठ शिक्षक श्री राकेश पाठक, राजू कोल,श्रीमती अंजना दीक्षित, क्रीसेंशिया किंडो,श्रीमती पुष्यांति परिहार तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कृष्णकांत दुबे ने पर्यावरण के लिए छात्रों को उत्साहित किया एवं विद्यालय प्राचार्य श्रीमती हर्ष लता सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## बाइक चालक चक्कर खाकर गिरा, रेफर

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागर स्टेट हाईवे 15 पर दो भाई अपनी बाइक जबलपुर से अपने घर जा रहे थे लेकिन रास्ते में बाइक चालक को चक्कर आ गया और वह हादसे का शिकार हो गया। बाइक चालक चक्कर खाकर सड़क किनारे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद घटना की सूचना राहगीरों द्वारा 108 को दी गई जहां सूचना मिलते ही 108 पायलट नरेश आठ्या और डॉ संदीप ठाकुर मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां एक एक युवक जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी नर्मदा पिता किशन राठौर उम्र 42 वर्ष और निर्मल पिता किशन राठौर उम्र 37 वर्ष दोनों सगे भाई है जो जबलपुर सागर जिले के गढ़ाकोटा बछिया गांव जा रहे थे। हादसे में दोनों घायल हैं जिसमें किशन को मामूली चोटे आई है और निर्मल की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# बटियागढ़ थाना में हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़



थाना बटियागढ़ नगर में आगामी त्योहार शारदीय नवरात्र, दशहरा, दुर्गा पूजा महोत्सव के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक डीजे मालिकों, एवं आयोजको के साथ बैठक कर त्योहार शांति से मनाने के लिए थाना परिसर में थाना प्रभारी सुधीर वेगी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। सभी दुर्गा पूजा समितियों से अपील की गई कि वे आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहार मनाए। थाना प्रभारी ने क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों को बताया कि 22 सितंबर से नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। सभी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य पदाधिकारी अपने-अपने पंडालों मंदिरों पर शांति पूर्ण तरीके से पूजा करें तथा आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के तरीके से एक दूसरे के साथ मिलजुल कर त्योहार को मनाएं। थाना प्रभारी वेगी ने कहा कि दुर्गा पूजा समिति पदाधिकारी अपने-अपने पंडाल पर समिति के सदस्यों को रात में रखवाली के लिए तैनात करें और उनकी सूची पुलिस को उपलब्ध कराऐं । किसी प्रकार की समस्या आने पर क्षेत्राधिकारी एवं थाना को सूचित करें तथा खुद स्वयं कानून को हाथ में न लें। आपकी सूचना पर डायल 112 की पुलिस एवं थाने की पुलिस 10 मिनट में आपके पास पहुंच जाएगी। वहीं भाजपा जिला मंत्री कपिल शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल ने कहा कि मां हरसिद्धि मंदिर जाने रास्ते में नदी के पुल पर लाइट की व्यवस्था की जाये ताकि महिलाएं को दिक्कत न हो। वहीं मंदिर में सुबह के समय पुलिस ड्यूटी लगाई जाये। सभी समितियों के अध्यक्ष ने भी अपनी अपनी बात रखी। नवरात्र पूजा कार्यक्रम आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर शांति पूर्ण तरीके से मनाये तथा वॉलिंटियर तैनात कर जुलूस को शांति पूर्ण तरीके से निकाल कर विसर्जन करें। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 अक्टूबर 2025 को दशहरा और दुर्गा विसर्जन बटियागढ़ नगर में मनाया जायेगा। बैठक में कृष्णा तिवारी, भगतसिंह, रूपकिशोर उदेनिया, उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे, आर आई तहसील बटियागढ़, डॉ चरन सिंह, हल्ला विश्वकर्मा, रामरानी शुक्ला, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित राजपूत, रवि तिवारी सहित बटियागढ़ नगर की सभी दुर्गा उत्सव समितियों के अध्यक्ष एवं गणमान्य नागरिक की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर का दमोह प्रवास आज

**दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं प्रख्यात पर्यावरणविद मोहन नागर का प्रवास 20 सितम्बर को दमोह में होगा। इस दौरान वे विभिन्न महत्वपूर्ण आयोजनों में सहभागिता करेंगे। शासन के निर्देशानुसार जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित "स्वदेशी से स्वावलंबन" विषय पर जिला स्तरीय संगोष्ठी में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत वे ग्राम जलहरी में ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। प्रवास के दौरान श्री नागर परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्र में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा भी लेंगे। इसके अतिरिक्त वे चंद्रकांत सोनवलकर स्मृति समारोह द्वारा आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भी शामिल होंगे।

### विजयदशमी चल समारोह को लेकर बैठक आज

**दमोह।** शारदीय नवरात्रि, श्रीरामदल, रावण दहन, विजयदशमी चल समारोह घंटाघर की मंचीय व्यवस्था एवं पुरस्कार वितरण में को लेकर श्रीरामजी सेवा समिति दमोह, सकल हिन्दू समाज जिला दमोह एवं समस्त सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों, समस्त दुर्गा पंडाल के प्रमुखों की कामकाजी बैठक का आयोजन दिनांक 20/09/25 दिन शनिवार की शाम 08 बजे स्थानीय नील कमल गार्डन किल्लाई नाका पर बैठक का आयोजन किया गया है।किया गया है। जिसमें समस्त सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष, समस्त दुर्गा पंडालों के मुखिया, समस्त अखाड़ों के उस्ताद, श्रीरामजी सेवा समिति दमोह के सेवादारों एवं सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। जिसमें आप सब की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

### आदि शक्ति को समर्पित "शक्ति पर्व" 22 से

**दमोह।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर "शक्ति पर्व" का आयोजन 22 एवं 23 सितंबर को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। 22 सितंबर को बड़ी देवी मंदिर फुटेरा तालाब के पास, दमोह में आयोजन होगा तो 23 सितंबर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान, तेंदूखेड़ा में माता की आराधना के पर्व में कला प्रस्तुतियाँ होंगी। इस प्रदेश स्तरीय महोत्सव में लोक-भक्ति गायन और आदि शक्ति को समर्पित नृत्य नाटिका के माध्यम से देवी के वैभव और महिमा को विभिन्न कला रूपों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

### तेंदुआ होने की जानकारी लगते ही वन विभाग ने कराई मुनादी, तेंदूखेड़ा के जंगल में बढ़ रहा है तेंदुओं का कुनबा

# चार बच्चों के साथ सड़क पार करते हुए दिखाई दिया तेंदुआ, एक दिन पहले भी नजर आया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वन परिक्षेत्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा पाटन और सैलबाड़ा मार्ग पर पिछले दो साल से तेंदुआ की आहट बनी हुई है और आए दिन राहगीरों ओर जंगली क्षेत्र से लगे ग्रामों में तेंदुआ देखा जा चुकी है। गुरुवार शुक्रवार की रात करीब 1 बजे तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर एक तेंदुआ अपने चार शावक बच्चों के साथ देखा गया है। जिसकी फोटो सड़क से निकल रहे राहगीर द्वारा अपने फोन में ली है। दो दिन पहले भी बुधवार की रात दो बजे एक तेंदुआ पाटन सीमा क्षेत्र के पास बगदरी की घटिया पर डिवाइडर पर बैठा हुआ चहल कदमी करते हुए देखा गया है। लाइट की रोशन पड़ने से वहीं खाई में जाकर छिप गया जिसका वीडियो राहगीरों द्वारा कार के अंदर से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तेंदुआ दिखाई देने की जानकारी लोगों द्वारा तेंदूखेड़ा और



पाटन वन विभाग की टीम को दी गई है जिसके बाद तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांस जैन व टीम के साथ मिलकर जंगल में सर्चिंग की गई लेकिन तेंदुआ दिखाई नहीं दिया। इसके साथ ही जंगली क्षेत्र से लगे सहजपुर पाडझिर महगुवा सलैया सैलवाड़ा 27 मील सहित आधा दर्जन गांव में मुनादी कराई गई और लोगों अपने मवेशी और जंगल नहीं जाने को कहा गया जिससे और सुरक्षित रहे। साथ ही कहीं पर तेंदुआ दिखाई देता है तो इसकी सूचना दे।

#### चार शावकों के साथ घूम रही है मादा तेंदुआ

गुरुवार की रात जबलपुर के अधारताल निवासी श्याम सिंह और अनिल गुप्ता जबलपुर से दमोह की ओर जा रहे थे तभी अचानक तेन्दूखेड़ा पाटन सीमा के समीप एक मादा तेंदुआ अपने चार शावक बच्चों के साथ सड़क पार करती हुई दिखाई दी। साथ ही इस मार्ग पर अन्य वाहन भी रुके हुए थे जहां मादा तेंदुआ आपने बच्चों के साथ सड़क पार किनारे झाड़ियों में जाकर छिप गई और राहगीर आगे चल जाए।बताते हैं दमोह जिले का जंगल अब वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व जुड़ गया है जिसके कारण टाइगर रिजर्व के जंगली जानवरों की संख्या क्षेत्र के जंगलों में लगातार देखी जा रही है जहां टाइगर रिजर्व से दमोह व जबलपुर जिले का भी जंगल लगा हुआ है जिसके कारण आए दिन जंगली जानवरों को देखा जा रहा है। तेन्दूखेड़ा और पाटन का जंगल लगा होने के कारण इस क्षेत्र में बीते दो सालों से तेंदुआ नजर आ रहा है। कभी मुख्य मार्ग पर तो कभी सैलबाडा गांव के समीप तो कभी बगदरी की घाट के पास नजर आता रहता है।

#### मुनादी कराई

तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगल से सटे गांवों में वन विभाग ने मुनादी कराई है कि यहां पर तेंदुए अपने बच्चों के साथ दिखाई दिया है इसलिए जंगलों के आसपास कोई भी न जाए इसके साथ ही अपने मवेशियों घर के अंदर रखने की सलाह दी है व रात में अकेले न निकलने लोगों को समझाइश दी गई है।

#### बाघों की संख्या बढ़ने से टेरेटरी बदल रहे तेंदुआ

दमोह, सागर और नरसिंहपुर जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लगातार बाघों की संख्या बढ़ने से तेंदुआ अपनी टेरेटरी बदल रहे हैं। इसलिए इनकी मौजूदगी दमोह जिले के जंगल में देखी जा रही है

#### इनका कहना है

तेंदुआ विचरण की जानकारी लगी है अक्सर वन्य प्राणी दिखाई देते हैं सोशल मीडिया पर भी तेंदुआ का वीडियो वायरल हुआ है जिसके बाद गांवों में मुनादी कराई गई है और लोगों को जंगल नहीं जाने को कहा है साथ ही रात में अकेले ना निकले

**श्रेयांस जैन,**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी तेंदूखेड़ा**

## कचरा वाहन से ले जाया गया शव



**हटा।** हटा में एक व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के बाद कचरा वाहन में उसके गांव ले जाने की घटना का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने से विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल पटेरा ब्लॉक के शिकारपुरा गांव निवासी देवेंद्र लोधी जिसकी हत्या हुई थी बताया गया कि पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचने पर उन्हें एक कचरा वाहन दिखाया गया और कहा गया कि शव इसी में ले जाना होगा। उन्होंने मजबूरीवश शव को उसी वाहन में अपने गांव ले जाने की बात कही। परिजनों ने बताया कि उन्हें बताया गया था कि वहां कोई शव वाहन उपलब्ध नहीं है। इस मामले में हटा नगर पालिका उपाध्यक्ष नीलू पाठक ने सफाई दी है। उनका कहना है कि नगर पालिका के पास कोई शव वाहन नहीं है, इसलिए उन्होंने एक टिप्पर वाहन को ही शव वाहन के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वाहन का उपयोग कचरा ढोने के लिए नहीं किया जाता है और जल्द ही इस पर 'शव वाहन' लिखवाया जाएगा।हालांकि, यह सवाल भी उठ रहा है कि जब दमोह जिले के लिए हाल ही में शासन द्वारा दो नए शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, तो फिर शव को कचरा वाहन में क्यों ले जाया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ आरके अठया ने बताया कि शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए शव वाहन केवल उन मामलों में उपयोग किए जाते हैं जहां किसी व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु होती है। अस्पताल के बाहर हुई मौतों के लिए यह सुविधा फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

## प्रह्लाद पटेल ने जागेश्वरनाथ धाम में किए दर्शन



**बनवार।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल शुक्रवार को बांदकपुर स्थित देव श्री जागेश्वरनाथ धाम पहुंचे और विधि-विधान से भगवान के दर्शन किए। उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि "मैं हर शुभ कार्य की शुरुआत और उसकी सफलता के लिए यहां आकर भगवान के दर्शन करता हूं। इस अवसर पर पं. सतीष तिवारी, नरेंद्र बजाज, संजय यादव, सुशील गुप्ता, एसडीएम आरएल बागरी, पं.कृपाल पाठक मौजूद थे(

## फर्जी पर्ची से खाद लेने वाले दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**तेंदूखेड़ा।** तोफान पिता रामकुमार पटेल (कुर्मी) उम्र 58 साल निवासी वार्ड नं. 09 तेन्दूखेडा ने एक लिखित आवेदन पत्र अनावेदक सजल साहू निवासी तेन्दूखेडा एंव अन्य व्दारा फर्जी शील साईन एवं फर्जी खाद पर्ची के माध्यम से खाद बोरी प्राप्त करने के संबन्ध में पेश किया। आवेदन पत्र पर से आरोपीगण सजल साहू निवासी वार्ड नं.12 तेन्दूखेडा एवं पूनम लोधी के विरुद्ध अपराध क्र. 381/2025 धारा 318 (4) भान्यासं पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय सुजीत भदौरिया, एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना तेन्दूखेड़ा पुलिस टीम द्वारा अपराध के आरोपी सजल पिता शैलेन्द्र साहू निवासी वार्ड क्र. 12 तारादेही रोड तेन्दूखेड़ा को गिरफ्तार कर अपराध से संबंधित 03 फर्जी शील, बही व 04 बोरी यूरिया खाद जप्त किया गया। आरोपिया पूनम लोधी निवासी ग्राम बम्हौरी को गिरफ्तार कर फर्जी शील बनाने में प्रयुक्त लैपटॉप, प्रिंटर एवं अन्य सामग्री जप्त की गयी। आरोपीगणों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा उपनिरी. नीतेश जैन, सउनि गजराज सिंह, प्र.आर. बृजेश तिवारी, प्र.आर. याशीन खान, प्र.आर. सालिम खान, आर. शैलेन्द्र बघेल, आर. विशाल बैन, आर. राममिलन, आर. गोपाल सिंह, आर. रणधीर दांगी, न.र.स. सलीम खान, मुनीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रयोगशाला शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** दमोह जिले के सभी प्रयोगशाला शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर परिवीक्षा अवधि समाप्ति एवं संविप्रयोगशाला शिक्षकों लियन संबंधी आदेश हेतु एक प्रार्थना पत्र सामूहिक रूप से ज़िला शिक्षा अधिकारी दमोह को सौंपा। गौरतलब है कि 2021 में नवनियुक्त प्रयोगशाला शिक्षको को परिवीक्षा अवधि के उपरान्त एक वर्ष से भी ज्यादा का समय हो चुका है लेकिंग उनके परिवीक्षा समाप्ति एवं संविलियन संबंधी आदेश अभी तक जारी नहीं किये गए हैं जबकि अन्य कई जिलों में आदेश जारी हो चुके हैं। संविलियन ना हो पाने के कारण प्रयोगशाला शिक्षकों को विभाग द्वारा मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। फलस्वरूप उनको कईआर्थिक और मानसिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। DEO महोदय ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए सभी प्रयोशाला शिक्षकों को एक सप्ताह की अवधि में आदेश जारी होने का आश्वासन दिया है।

# बिलतरा गांव में घर के बाड़े में निकला 12 फीट लंबा अजगर

### टाइगर रिजर्व की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित रिजर्व के जंगल में छोड़ा



**तारादेही/।** *तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलतरा में गुरुवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक परिवार के घर में बने बाड़े में 12 फीट लंबा अजगर आ गया जब बाड़े में अजगर को देखा तो वो घबराकर बाड़े और घर से बाहर निकल आए और तुरंत अस्पताल के लोगों को सूचना दी देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई गांव के लोगों ने इसकी सूचना वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सर्रा रेंज की रेस्क्यू टीम को दी गई जहां टाइगर रिजर्व की टीम आधा घंटे के अंदर बिलतरा गांव पहुंची और अजगर को पकड़ने का* प्रयास शुरू किया गया आधा घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने अजगर को सुरक्षित पकड़कर टाइगर रिजर्व के जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया।

#### 12 फीट लंबा और 16 किलो था अजगर का बजन

मामला बिलतरा गांव का है जहां पर रोहित सिंह लोधी के घर में बने बाड़े में अचानक से 12 फीट लंबा अजगर घुस आया अजगर को देखते ही परिवार के लोग घबरा गए और शोर मचाते हुए घर से बाहर निकल आए देखते ही देखते मौके पर गांव के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोगों ने इसकी सूचना टाइगर रिजर्व के सर्रा रेंज की टीम को दी गई जहां से सर्रा रेंज से वनपाल जगराम प्रजापति सुरक्षा श्रमिक कैलाश पटेल सुरक्षा श्रमिक सीताराम यादव सुरक्षा श्रमिक दीपक रजक मौके पर पहुंचे और बिना किसी देरी के अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू करने का काम शुरू कर दिया करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने अजगर को पकड़ा और टाइगर रिजर्व के सर्रा गेम परिक्षेत्र की कुसमी बीट में लगरा चारागाह के पास सुरक्षित छोड़ा गया अजगर 12 फीट लंबा और 16 किलो बजन था।

## राष्ट्र आराधन के 100 वर्ष पर हुआ व्याख्यान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत विकास परिषद शाखा द्वारा दमोह के पीएम श्री शासकीय ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव स्मृति पीजी महाविद्यालय के सभा कक्ष में व्याख्यान का आयोजन किया गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र आराधन के 100 वर्ष विषय पर ये व्याख्यान आयोजित किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ बिलासपुर से पधारे भारत विकास परिषद मध्य क्षेत्र के संयुक्त महासचिव पूर्णेन्दु जी भट्ट मौजूद रहे इन्होंने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और तत्कालीन देश की परिस्थिति और संघ के संघर्ष पर प्रकाश डाला। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष श्री सुनील जी कोठारी ने की, उन्होंने भी उपस्थित सदन को संबोधित करते हुए देश निर्माण में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक डॉ विक्रांत चौहान मौजूद रहे वही भारत विकास परिषद शाखा दमोह अध्यक्ष दीपक सिंघानिया ने कार्यक्रम के आयोजन और प्रयोजन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में परिषद के प्रांतीय सचिव राजीव कृष्ण बिरथरे मौजूद रहे जिन्होंने अतिथियों का स्वागत किया भारत विकास परिषद दमोह के प्रतिवेदन को शाखा सचिव विक्रम सिंह राजपूत ने प्रस्तुत किया,वहीं वंदे मातरम गीत श्रीमती विभा पलनिटकर द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अतिथि परिचय संस्कार प्रमुख भूपेंद्र जैन में प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ बिलासपुर से पधारे मुख्य वक्ता को सुनने के लिए बड़ी संख्या में दमोह नगर के गणमान्य नागरिकों और श्रोतागणों की मौजूदगी रहीं वहीं,बीते समय आयोजित प्रतियोगिताएं भारत को जानो परीक्षा और समूह गान के प्रतिभागियों को यहां से प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद शाखा दमोह के उपाध्यक्ष आदित्य चौरसिया उपाध्यक्ष प्रशांत शेंडेय, पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी राजेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष सचिन यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र ताम्रकार, सह सचिव राकेश चौरसिया, संस्कार प्रमुख भूपेंद्र जैन डॉ ब्रजेश कुलपरिया,पंकज खरे सौरभ खरे मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मनीष सोनी ने किया वहीं, कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय सचिव राजीव बिरथरे ने सभी का आभार माना।

# आगामी पर्वों में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम रहेंगे : कलेक्टर मिशा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नवरात्रि पर्व और अगामी दशहरा, जवारे विसर्जन की व्यवस्थाओं के मद्देनजर कलेक्टर मिशा सिंह और पुलिस अधीक्षक ने आज नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने रामदल जुलूस, जवारे विसर्जन, दशहरा चल समारोह एवं विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हो चुकी है, शांति समिति की बैठक में जो-जो पाइंट आये थे, इस संबंध में पुलिस अधीक्षक और संबंधित विभागो के अधिकारियों के साथ भ्रमण किया है। उद्देश्य पिछले साल जो अच्छी बातें लागू की गई थी पुनः फालो किया जाये। उन्होंने कहा और इम्प्रूव किया जा सकता है, वह प्लान जोड़ा जाये। कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा रामदल जूलूस का पूरा मार्ग देखा और देवी जी विर्सजन मार्गों का अवलोकन किया गया है, साथ ही बड़ी देवी में पर्व के दृष्टिगत भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखा गया है। उन्होनें कहा नवाचार कर लोगो और श्रद्धालुओं की सुविधा, आयोजको एवं समाज की सुविधा के तहत कोई भी कार्य समाज के सारे लोगो से चर्चा कर, विचार लेकर कैसे अच्छे तरीके किया जा सकता है, किया जायेगा। सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये जायेगें, सारे कैमरो की चैकिंग चल रही है, सभी को व्यवस्थित, सुनिश्चित कराया जायेगा। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा शांति समिति की बैठक हुई है, नवरात्रि पर्व के अलग-अलग पहलू हैं, त्यौहार के उसी तत्वाधान में भ्रमण पर निकले हुये है। रामदल जुलूस, अखाड़े, जवारे का जुलूस और दशहरा विसर्जन आदि की पूरी प्रक्रिया के तहत क्या सुविधा दे सकते है और पिछली बार की तरह प्रयास होगा की किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो दुर्घटना मुक्त रखा जाये। सुविधाएं लोगों को मिल जाये और नवाचार के विषय में कलेक्टर मैडम ने निर्देश दिये है, दुर्घटनाएं हम बचा पायें प्रयास किये जायेंगे। भ्रमण के दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेश वियज ठाकरे, एडीशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीएम आरएल बागरी, सीएसपी एचआर पाण्डे सहित अन्य अधिकारीगण साथ थे। भ्रमण के पूर्व कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में नवरात्रि पर्व को लेकर जिला अधिकारियों की एक बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा त्यौहार सौहाद्र पूर्ण वातावरण में संपन्न हो, व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, समस्त एसडीएम सहित जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

## जबेरा में रक्तदान शिविर 23 को

**जबेरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 23 सितंबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीबीएमओ डॉक्टर डीके राय ने सभी रक्त वीरों की भागीदारी अपेक्षित की है। उन्होने जबेरा सहित आसपास के लोगो से रक्तदान शिविर में आकर अपना अमूल्य रक्त प्रदान कर किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

## विधायक मलैया के प्रयासों से सात स्थानों पर लगेगी हाईमास्क लाईटें

**दमोह।** कटनी-जबलपुर-सागर-दमोह बायपास के 7 स्थानों पर हाईमास्क एवं लाईटे लगायी जाना है। दमोह विधायक जयंत मलैया के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरवरी माह में पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री मलैया द्वारा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, भोपाल के महाप्रबंधक से पत्र के माध्यम से आग्रह किया गया था कि दमोह बायपास के अंतर्गत आने वाले बांदकपुर-कुण्डलपुर-दमोह तिराहा, धरमपुरा-समन्ना तिराहा, राजनगर चैराहा, मारूताल चैराहा, आमचैपरा इंडस्ट्रियल एरिया चैराहा, बालाकोट चैराहा एवं नया बस स्टैण्ड तिराहा पर रात के समय रहने वाले अंधेरे एवं सौन्दर्यीकरण को दृष्टिगत रखते हुए हाईमास्क एवं लाईटे लगायी जावें। दमोह विधायक के पत्र पर कार्यवाही करते हुए महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, भोपाल द्वारा उक्त सभी स्थानों पर हाईमास्क एवं लाईटे लगाने का आदेश जारी किया गया है। शीघ्र ही हाईमास्क एवं लाईटे लगाने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2025 /1080 **/ / निविदा आमंत्रण सूचना / /** हटा दिनांक 19/09/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_453091_1 19-09-2025 | मुरली मनोहर वार्ड में भागवत बाल्मिकी के मकान से महेन्द्र राय के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 8.06 लाख | 1- 2000.00 2- 8100.00 | 06.10.2025 |
| 2 | 2025_UAD_453092_1 19-09-2025 | मुरली मनोहर वार्ड में विजय राय के मकान से मलचंद्र के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 6.02 लाख | 1- 2000.00 2- 6100.00 | 06.10.2025 |
| 3 | 2025_UAD_453093_1 19-09-2025 | नवोदय वार्ड में स्थित मुक्तिधाम में शेड निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2- 3.31 लाख | 1- 2000.00 2- 3400.00 | 06.10.2025 |
| 4 | 2025_UAD_453095_1 19-09-2025 | संजय वार्ड में कटरा मोहल्ला में पुलिया निर्माण कार्य | 1- 01 माह 2- 0.43 लाख | 1- 1000.00 2- 1000.00 | 06.10.2025 |
| 5 | 2025_UAD_453096_1 19-09-2025 | चंडी जी वार्ड में मुकेश खटीक से शेखर खटीक तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 8.53 लाख | 1- 2000.00 2- 8600.00 | 06.10.2025 |
| 6 | 2025_UAD_453097_1 19-09-2025 | चंडी जी वार्ड में शेखर खटीक से दीपक खटीक के मकान तक सी. सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 10.57 लाख | 1- 2000.00 2- 8000.00 | 22.10.2025 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**हटा जिला दमोह**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**हटा जिला दमोह (म.प्र.)**